सार-समाचार

खाटू श्याम निशान पदयात्रा 2 को

अजमेर, (कासं)। श्री खाटू श्याम नवयुवक मंडल सुंदरविहार परबतपुरा की ओर 15वीं निशान यात्रा आगामी 2 मार्च को खाटू धाम के लिए रवाना होगी। शुक्रवार को नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर यात्रा कार्यक्रम की जानकारी दी। श्री खाटू श्याम पदयात्रा को लेकर शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया पद यात्रा के संयोजक पालाराम सैनी सहित ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन लक्खी मेले के उपलक्ष में 2 मार्च को विशाल खाटू श्याम निशान पदयात्रा निकाली जाएगी। इस सात दिवसीय यात्रा में सभी यात्रियों के लिए रहने खाने एवं समस्त सुविधाएं निशुल्क है एवं उनके मेडिकल की सुविधा भी की गई है पदयात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रकाश छबलानी ने बताया कि निशान पदयात्रा सुन्दर विहार कालोनी परबतपुरा बाईपास स्थित श्री खाटू श्याम मन्दिर से 2 मार्च को प्रात:: 7:30 बजे यात्रा शुरू होगी जो आदर्श नगर डीसीए चौराहा केसरगंज मदार गेट नया बाजार आगरा गेट बस स्टैंड होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए खाटू धाम के लिए रवाना होगी। गंज में महा आरती का आयोजन रखा गया है पदयात्रा का शहर भर में धार्मिक सामाजिक सहित व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह भव्य स्वागत किया जाएगां पदयात्रा में ढाई से 3 हजार लोग शामिल होंगे अंकित गॉड ,द्वारका प्रसाद सत्यनारायण, कुलदीप, अंकित महेश्वरी, अरविंद गहलोत, लोकेश मिश्रा आदि को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां दी गई हैं

लोक बंधु ने केंद्रों का निरीक्षण किया

अजमेर, (कासं)। जिला कलैक्टर लोक बन्धु द्वारा शुक्रवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। शुक्रवार को परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई। अतिरिक्त जिला कलैक्टर एवं नोडल परीक्षा वंदना खोरवाल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा शुक्रवार को अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 की लेवल-2 तृतीय पारी की परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया। इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा शुक्रवार को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में से एचकेएच पब्लिक स्कूल तथा वृन्दावन पब्लिक स्कूल के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। यहां पर नियमानुसार सुरक्षा एवं परीक्षार्थियों की लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि जिला कलैक्टर द्वारा परीक्षा से जुड़े कार्मिकों एवं अधिकारियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के निर्देशानुसार परीक्षाएं संपादित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान सुनिश्चित की गई। परीक्षा की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखते हुए परीक्षा का सुचिता के साथ सफल आयोजन सुनिश्चित किया गया। परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई। यह जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा से जुडे ़समस्त कार्मिकों, अधिकारियों एवं व्यवस्थापकों के सम्मिलित प्रयासों से सम्भव हुआ। परीक्षार्थियों को भी पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

एक करोड़ पचास लाख रुपये स्वीकृत

मसूदा, (निसं)। ब्यावर जिले के मसूदा ब्लॉक मुख्यालय पर राजीविका मिशन की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए गए वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत महिलाओं को उपयोगी एवं जानकारी दी गई। बैठक मसूदा राजीविका कार्यालय में हुई।। राजीविका महिलाओं ने बैठक में भाग लिया। इस सप्ताह की थीम वित्तीय समझदारी समृद्धि नारी के तहत महिलाओं को बचत करने की सीख दी गई ।क्रिस्टल फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे हैं। वित्तीय साक्षरता केंद्र मसूदा ब्लॉक में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रीजनल मैनेजर सुरेश जी बंटोलिया मैनेजर फाइनेंश राजीविका ऋषि कुमार शर्मा, एल. डी.एम.राजेश कुमार रीजनल पी.एस. इंचार्ज शशांक अग्रवाल, जिला प्रबंधक राजीविका प्रियंका कोठारी,ब्रांच मैनेजर अमृत हेडा,पोखर मल यादव,ब्लॉक मैनेजर कैलाश चौधरी मौजूद रहे। बैंक की ओर से राजीविका को एक करोड़ पचास लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। क्लस्टर प्रभारी भरत बारेठ,बबलू बलाई,सपना टेलर,बालूराम खींची,लक्ष्मी कछावा, सेनुचिता मेहरात,अमृत कंवर,सी.एल.एफ.अध्यक्ष मंजू सेन,सुनीता मेघवंशी सेंटर मैनेजर,लक्ष्मण सिंह व ममता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा की

ब्यावर, (निसं)। 8.मार्च को आयोजित होने वाली प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में तालुका अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं.3, ब्यावर विजयप्रकाश सोनी द्वारा न्यायिक अधिकारीगण के साथ एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मींटंग में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं. 2 गिरिजा भारद्वाज, अति. मुख्य न्यायिक मजि. कोमल मोटियार, अति. मुख्य न्यायिक मजि. सं. 1 महावीर सिंह चारण, अति. मुख्य न्यायिक मजि. सं. 2 राजेश्वर विश्नोई, अति.मुख्य न्यायिक मजि. सं. 3 पंकज सांखला व न्यायिक मजिस्ट्रेटगण सुश्री सुषमा जाखड, श्रीमती पूजा सिंह उपस्थित रहे। उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण द्वारा चिन्हित प्रकरणों तथा प्री-काउंसलिंग में निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए किये जा रहे प्रयासों का भी जायजा लिया गया। न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य फौजदारी, दीवानी, एमएसीटी, चैक अनादरण, राजस्व आदि प्रकृति के प्रकरणों में प्रभावी प्री-काउंसलिंग करने व पक्षकारान को नोटिस जारी करने व लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निस्तारण से होने वाले फायदे के बारे में बताकर ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

सीएनसी मशीन चलाने का प्रशिक्षण दिया

अजमेर, (कासं)। लेथ मशीन एवं मिलिंग मशीन को कम्प्यूटर से जोड़कर चलाने का प्रशिक्षण राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सीमेन्स लिमिटेड कम्पनी द्वारा कम्प्यूटराईज न्यूमेरिकल कन्ट्रोल मशीन (सीएनसी) के द्वारा लेथ मशीन एवं मिलिंग मशीन को ऑटोमेटिक तरीके से संचालित करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इग्नाईट प्रोजेक्ट के तहत अजमेर संभाग में कार्यरत 15 अनुदेशकों को सीएनसी मशीन चलाने एवं प्रोग्राम बनाने के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण से कार्यरत व्यवसाय अनुदेशक नई टेक्नोलॉजी से अपडेट हुए। इसका लाभ संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे, प्रशिक्षणार्थियों को होगा। वर्तमान समय में उद्योगों की मांग के अनुसार उद्योगों को कारीगर उपलब्ध हो सकेगें। प्रशिक्षण एमास स्किल वेन्चर के सीएनसी मास्टर ट्रेनर विजय सिंह द्वारा दिया गया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक श्याम बाबू माथुर, उपनिदेशक अनिल कुमार शर्मा, इग्नाईट परियोजना के समन्वयक पीयूष गोयल, परियोजना प्रबन्धक कमलेश कुमार एवं उपाचार्य गामिनी शर्मा उपस्थित रहे।

अजमेर शहर का मास्टर प्लान लॉन्च

अजमेर, (कासं)। प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एव आवासन विभाग राजस्थान सरकार के निर्देश पर अजमेर विकास प्राधिकरण ने शहरी प्रशासन और नागरिक सेवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के अपने प्रयासों के तहत 'सिटीजन यूडीएच पोर्टल' पर अजमेर शहर का मास्टर प्लान लॉन्च किया है। यह पोर्टल राज्य के जीआईएस इकोसिस्टम 'राजधरा' का उपयोग करके नागरिकों को भू-उपयोग की जानकारी ऑनलाइन प्रदान करेगा। अब अजमेर के निवासी मास्टर डेवलपमेंट प्लान-2033 के अनुसार अपनी संपत्ति के भू-उपयोग की जानकारी डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकेंगे, जिससे कार्यालय के अनावश्यक दौरों की आवश्यकता कम होगी। इसके अलावा, नागरिक इस पोर्टल के माध्यम से नगर निगम वार्ड नंबर, पुलिस थाना क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र और विस्तृत खसरा रिकॉर्ड जैसी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

कल्पना रावत राजस्थान टीम में

मसूदा, (निसं)। मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रामगढ़ की बेटी खेलेगी राजस्थान टीम में बीसीसीआई द्वारा आयोजित मैच में राष्ट्रीय स्तर पर करेगी राजस्थान का प्रतिनिधित्व श्री प्राज्ञ महाविद्यालय में अध्ययनरत एवं प्राज्ञ क्रिकेट अकादमी की छात्रा कल्पना रावत का राजस्थान अंडर 23 महिला टीम में अंतिम रूप से चयन हुआ। प्राग्य स्पोर्ट अकादमी के प्रशिक्षक महावीर गुर्जर ने बताया कि कल्पना रावत बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर 23 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में राजस्थान की टीम में राष्ट्रीय स्तर पर खेलेगी । यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है जो कि मार्च महीने में भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित की जाएगी। कल्पना रावत ब्यावर जिले से चुनी जाने वाली पहली महिला खिलाड़ी है। जो राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। कल्पना की उपलब्धि पर रामगढ़ के खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया।

शिक्षक देश हित आधारित शोध पर ध्यान दें : प्रो आनंद भालेराव

अजमेर, (कासं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार में भारतीय युवाओं को विकसित भारत के लिए वैश्विक नेतृत्व हेतु सशक्त बनाना' की थीम पर आधारित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान, वैज्ञानिक पोस्टर, मॉडल और नवाचारों पर आधारित 'कणाद से कलाम' नामक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। जिसका औपचारिक उद्घाटन राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव द्वारा किया गया। यह समारोह युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कुलपति द्वारा एक स्मारिका भी जारी की गई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भालेराव ने कहा कि ब्रिटिश शासन ने यह भ्रामक धारणा स्थापित करने का प्रयास किया कि भारतीयों का विज्ञान से कोई संबंध नहीं है। लेकिन भारतीय वैज्ञानिकों ने इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया और ऐसे नवाचार किए, जिनकी पूरे विश्व ने सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि लोकमान्य तिलक न केवल एक क्रांतिकारी और राजनेता थे, बल्कि एक कुशल गणितज्ञ भी थे।

कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने अपने भाषण में जगदीश चंद्र बोस जैसे महान वैज्ञानिक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए आविष्कारों और खोजों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि मार्कोनी जैसे वैज्ञानिक को नोबेल पुरस्कार मिलने के पीछे जगदीश चंद्र बोस की प्रेरणा और योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

कुलपति ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के शिक्षकों से आग्रह किया कि वे ऐसे शोध कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं जो समाज और देश के लिए लाभकारी हों। साथ ही, अपने अनुसंधान और प्रयासों के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

इस मौके पर आस - पास के विभिन्न स्कूलों जैसे - बिरला पब्लिक स्कूल, शुभ मंगलम स्कूल, मुंड़ोती के सरकारी स्कूल से आए विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नवीन और रचनात्मक मॉडल्स प्रदर्शित किए, जिसका कुलपति द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुलपति ने विद्यार्थियों की सोच की सराहना की और साथ ही मॉडल्स को और बेहतर बनाने के सुझाव भी दिए।

तीन दिन तक चले इस आयोजन के मुख्य आकर्षण रहे - प्रख्यात वैज्ञानिकों द्वारा विशेष व्याख्यान, एमएससी और पीएचडी के छात्रों के द्वारा त्वरित शोध प्रस्तुतियाँ, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुतियाँ, कला और विज्ञान की प्रस्तुति, पैनल चर्चा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद और अभिनव शोध/विचार जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ होंगी। इन सभी गतिविधियों में लगभग 200 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को कुलपति महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस तीन दिवसीय आयोजन मे विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रो सी.सी मंडल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सड़क सुरक्षा पर चर्चा की

ब्यावर, (निसं)। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निजी बस स्टैंड हेतु आवश्यक भूमि, अवैध वाहनों पर कार्रवाई, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना रिफ्लेक्टिव टेप, बिना इंडिकेटर, क्षमता से अधिक सवारी वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

सबिना काठात को मिला सम्मान

ब्यावर, (नि.सं.)। ब्यावर जिले की होनहार एथलीट सुश्री सबीना काठात ने हाल ही में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि को सम्मान देते हुए और खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला कलक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत द्वारा सबीना को खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध कराने का जो आश्वासन दिया गया था, उसे अब पूरा कर दिया गया है।

सबीना काठात की इस उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालय और परिवार को गर्वित किया है, बल्कि पूरे ब्यावर जिले को भी उत्साहित किया है। जिला प्रशासन का यह कदम खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है, जो युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को और अधिक निखारने के लिए प्रेरित करेगा।

NAME CHANGE

I, Army No.15345601H, HAV, Ram Bharosa Prasad, Residing Pipra Beni, Kasili, Barahaz, Deoria, U.P 274604 have change my Father's name from Ramkishun Prasad to Ramkishun & Mother's name from Sumitra Devi to Simirikha Devi Affidavit No BW753888 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army no. JC-783003W, NB/SUB, Mithilesh Kumar Chauhan residing Vill & Po-Dayalpur, Teh-Nizamabad, Dist- Azamgarh, U.P, 276302 have change my Son's name from Praveen Kumar Chauhan to Praveen Chauhan vide Affidavit No BW941935 dt 28/02/2025 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Nishi Paswan Spouse of Army No.14669868Y, HAV, Rajeev Kumar Paswan, Residing Vill-Harpur Nizamat, Po-Rahmatpur, Teh & Dist-Samastipur, Bihar, 848101 have change my Name from Nishi Paswan to Nishi Kumari vide Affidavit No. BW941934 Dt 28/02/2025 before Court campus Nasirabad

88.55 प्रतिशत ने दी रीट परीक्षा 2024 परीक्षा

अजमेर, (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 शुक्रवार को निर्विघ्न सम्पन्न हुई। दूसरे दिन भी परीक्षा पूरे राजस्थान में परीक्षा शांतिपूर्ण रही।

बोर्ड प्रशासन ने पूरा दिन प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी एवं अन्य माध्यमों से नजर बनाए रखी। शुक्रवार को आयोजित परीक्षा में 88.55 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा एवं सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि रीट कार्यालय में बनाए गए वॉर रूम से बोर्ड प्रशासन ने पूरे राजस्थान के परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी एवं जिला प्रशासन के माध्यम से निगरानी रखी। सभी जगह व्यवस्थाएं सुचारू पाई गई। कहीं किसी तरह की गडबड़ी की शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को परीक्षा के लिए 5 लाख 41 हजार 598 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें से 4 लाख 79 हजार 597 ने परीक्षा दी एवं 62001 गैर हाजिर रहे। उपस्थिति 88.55 प्रतिशत रही।

परीक्षा को लेकर राजस्थान सरकार की ओर से अभ्यर्थियों के लिए रोडवेज बस सेवाएं नि:शुल्क किए जाने का अभ्यर्थियों को बहुत फायदा रहा। रोडवेज बस स्टैंड पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

अभिभाषक संघ कार्य का बहिष्कार करेगा

बिजयनगर, (निसं)। अभिभाषक संघ बिजयनगर की अतिआवश्यक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई आयोजित बैठक में बिजयनगर शहर कि पुरानी मांग अपर जिला एवं सेशन न्यायालय खोलने बाबत विचार विमर्श किया गया।

बैठक में अधिवक्ताओं ने बताया कि बिजयनगर शहर ब्यावर जिले का सबसे बडा शहर है इसके बावजूद अपर जिला एवं सेशन न्यायालय की माग राज्य सरकार द्वारा बजट सत्र में पूरी नही की गई। जिससे अभिभाषक संघ बिजयनगर राज्य सरकार द्वारा बिजयनगर शहर व बिजयनगर तहसील क्षेत्र की जनता के हितो को अनदेखा ओर जनता के साथ कुठाराघात किया है। जिसके कारण अभिभाषक संघ बिजयनगर 01 मार्च 2025 से अनिश्चित कालिन सम्पूर्ण न्यायिक कार्य से विरक्त रहेगे। उक्त निर्णय अभिभाषक संघ बिजयनगर सर्वसम्मति से लिया गया है।

पूर्व सैनिकों के लिए शिविर लगेगे

अजमेर, (कासं)। जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए मार्च माह के दौरान समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ए.के. साहा ने बताया कि ये शिविर आगामी 5 मार्च को सैनिक विश्राम गृह ब्यावर में, 19 मार्च को एसडीओ कार्यालय, सभागार, नसीराबाद एवं 27 मार्च को पुष्कर एसडीओ कार्यालय, सभागार, पुष्कर में आयोजित किए जाएगे। उन्होंने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों को केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा प्रदत्त कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही पार्ट टू ऑर्डर, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट, डिमाईस ग्रांट, आर्मी ग्रुप इन्शोरेन्स, आश्रित प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र इत्यादि के फार्म देना, इमरजेंसी कमीशन्ड ऑफिसर, शार्ट सर्विस कमीशन्ड एवं प्रि-मैच्योर सेवा निवृत पूर्व सैनिकों एवं द्वितीय विश्व युद्ध पेंशनर्स को ईसीएचएस सुविधा के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

सुरसुरा में तेजाजी महाराज का पैनोरमा बनेगा

किशनगढ़/ अजमेर, (कासं)। सत्यवादी गौ रक्षक लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज की निर्वाण स्थली सुरसुरा में अब तेजाजी महाराज का भव्य पैनोरमा स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के आग्रह पर राजस्थान सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में सम्मिलित कर स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय के लिए केंद्रीय मंत्री चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि सत्य, गौ रक्षा और परोपकार के प्रतीक वीर तेजाजी महाराज की जीवनी को संरक्षित करने और श्रद्धालुओं तक पहुंचाने के लिए सुरसुरा में पैनोरमा निर्माण अति आवश्यक था। सुरसुरा केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां वर्षभर लाखों भक्त दर्शन हेतु आते हैं। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि यह ऐतिहासिक स्थल पिछले एक हजार वर्षों से श्रद्धा और भक्ति का केंद्र रहा है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए तेजाजी महाराज की संपूर्ण जीवनी को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रस्तुत करना जरूरी था। पैनोरमा बनने से श्रद्धालु तेजाजी महाराज के जीवन और प्रेरणादायक प्रसंगों को जीवंत रूप में देख सकेंगे। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने इससे पूर्व निंबार्क तीर्थ में श्रीजी महाराज का पैनोरमा और किशनगढ़ में नागरीदास जी का पैनोरमा भी स्वीकृत करवाया था। उन्होंने कहा कि सुरसुरा में बनने वाला यह पैनोरमा लोकदेवता तेजाजी महाराज के विचारों और संदेशों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। पैनोरमा के निर्माण से सुरसुरा में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और यह स्थल देशभर के भक्तों के लिए एक और महत्वपूर्ण तीर्थस्थल के रूप में विकसित होगा। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि वह भविष्य में भी आस्था, संस्कृति और पर्यटन के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे, ताकि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों को उचित पहचान और सुविधाएं मिल सकें।

दिया कुमारी का जताया आभार

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने सचिवालय स्थित उपमुख्यमंत्री के कार्यालय में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात कर बजट 2025-26 में मेड़ता विधानसभा क्षेत्र को दी गई ऐतिहासिक सौगातों हेतु आभार जताया। कलरु ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजसमंद सांसद रहते हुए मेड़ता में अनेक सुविधाओं को अभाव को बारीकी से देखा है, इसलिए मेड़ता को विशेष तव्वजो मिल रही है।

आम सूचना

मेरी माता गंगा पत्नि रामलाल जाति जाट निवासी ग्राम केरिया की मृत्यु दिनांक 3-6-1990 को मेरे निवास स्थान केरिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत मण्डावरिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता गंगा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- सत्यनारायण पुत्र रामलाल जाति जाट निवासी ग्राम केरिया तह. अरांई (अजमेर)

शाहपुरा जिले की मांग, बाजार रहे बंद

शाहपुरा, (नि.सं.)। जिले की बहाली की मांग को लेकर शुक्रवार को शाहपुरा के बाजार पूर्ण रूप से बंद रहे। इस दौरान संघर्ष समिति की अगुवाई में महलों का चैक से विरोध प्रदर्शन रैली निकाली गयी। एसडीओ कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यहां जिला बहाली की मांग को लेकर 200 जनों ने अपनी गिरफ्तारियां दी। पुलिस ने पुलिस वाहन में इन लोगों को बैठाकर 5 किमी दूर ले जाकर छोड़ दिया। जिला बहाली की मांग को लेकर आज शाहपुरा में काला दिवस मनाया गया। शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के आ ान पर शाहपुरा के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे गए। इस दौरान चाय, अल्पाहर व सब्जी मंडी भी पूर्ण रूप् से बंद रहे।

संघर्ष समिति के संयोजक रामप्रसाद जाट और अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा की अगुवाई में महलों का चैक से रैली प्रांरभ हुई जो करीब तीन किमी लंबी थी। रैली एसडीओ कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन में बदल गयी। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जिला बहाल करने की मांग की गई। बाद में सभी ने अपनी गिरफ्तारी दी। गिरफ्तारी के लिए पुलिस के वाहन कम पड़ने पर कई लोग गिरफ्तारी देने से वंचित हो गये। गिरफ्तारी देने वालों में शाहपुरा अभिभाषक संस्था के अधिवक्तागण, अध्यक्ष दुर्गालाल राजौरा, संयोजक रामप्रसाद जाट, महामंत्री कमलेश मुंडेतिया, पीसीसी मेंबर संदीप जीनगर, के अलावा कई जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे।शाहपुरा बंद व सामूहिक गिरफ्तारी के कार्यक्रम को देखते हुए शाहपुरा पुलिस प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किये। पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई, थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा की अगुवाई में जाब्ता तैनात रहा। आस पास के पुलिस थानों से भी अतिरिक्त जाब्ता, वठा वाहन तथा वाटर गन की सुविधा भी पुलिस ने तैनात कर रखी थी।

उल्लेखनीय है कि पिछले 58 दिनों से एसडीओ कार्यालय के बाहर क्रमिक अनशन और धरना जारी है। हर दिन विभिन्न समाजों और संगठनों की ओर से धरना दिया जा रहा है और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इससे पहले, 28 तारीख को भी संघर्ष समिति द्वारा शाहपुरा बंद का आयोजन किया गया था, जिसमें विशाल आमसभा हुई थी। वह आयोजन शाहपुरा के इतिहास में ऐतिहासिक माना गया था।

माली सैनी समाज का 26 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

परबतसर,(निस)। माली,सैनी समाज के द्वारा हर वर्ष कि भांति इस बार भी फुलेरिया दूज को सामूहिक विवाह सम्मेलन उपखंड के ग्राम बडू में होगा।

सफल सम्मेलन को लेकर माली सैनी समाज के लोग युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटे हुए है। परबतसर,मकराना,बिदियाद,बोरावड,ब ाडू, कालवा माली सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति केअध्यक्ष सत्यनारायण सिंगोंदिया की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले समारोह के मुख्य अतिथ केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत और उद्योगपति अजमेर निवासी विजय कुमार बनषटिया होंगे। समाज सेवी भामाशाह भकरी निवासी श्यामसुन्दर सोलंकी और दिपक तंवर नावां वाले अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान आचार्य पंडित विमल पारीक के द्वरा विधिवत विधी विधान से मंत्रोच्चार के साथ वर वधु के फैरे अग्नि के समक्ष करवाये जायेगें। इसी के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न करवाया जयेगा। सामूहिक विवाह सरकारी अस्पताल के पिछे ठाकुर संदर सिंह के कृषी फार्म पर आयोजित किया जायेगा। बारात का स्वागत सत्कार प्रेम दास कि बगीची खारिया बैरा बालाजी मंदिर पर किया जायेगा। जहां बारात गाजो बाजो के साथ बिंदोरी चंवरी स्थल पर पहुंचेगे।सफल सम्मेलन आयोजित हो जिसके लिए समिति संरक्षक ठेकेदार सेवाराम दगदी,रामप्रसाद तंवर महिला संरक्षक गीता सोलंकी परबतसर माली समाज अध्यक्ष सत्यनारायण मालाकार,मकराना अध्यक्ष श्रवणलाल सोलंकी,बिदियाद अध्यक्ष कैलाशचंद तंवर,कालवा अध्यक्ष सुखदेव बागड़ी बडू अध्यक्ष नारायणराम गहलोत, बोरावड उपाध्यक्ष प्रकाश सोनगरा, उपाध्यक्ष गणपतलाल सोलंकी, महासचिव मनोज सैनी, बड़ सरपंच सुरेश माली,महिला मंडल महासचिव शयामाराणी सिंगोदिया,एडवोकेट गणपतलाल टांक,भोमाराम सोलंकी भकरी समिति के प्रवक्ता नौरतमल सिंगोंदिया समाज सेवी ओमप्रकाश सोलंकी बोरावड सहित कई कार्यकर्ता तैयारियों मे जुटे हुए है।

भीलवाड़ा संवाददाता के अनुसार : भीलवाड़ा शहर के पुर स्थित घाटी के हनुमानजी परिसर में 1 मार्च को माली समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन में 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे। माली समाज विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष भैरूलाल माली ने बताया कि सम्मेलन में तुलसी संग सालगराम जी का भी विवाह सम्पन्न होगा।

पानी की टंकी की मरम्मत के निर्देश

रूपनगढ़, (निसं)। रूपनगढ़ क्षेत्रवासियों द्वारा पानी की टंकी की मरम्मत के संबंध में जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत को दूरभाष पर अवगत कराए जाने के बाद, मंत्री श्री रावत ने राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई से ही तत्काल संज्ञान लिया और समाधान के लिए अधिकारियों को त्वरित दिशा-निर्देश दिए।

यह घटना जल संसाधन मंत्री श्री रावत की संवेदनशीलता और जनता के प्रति उनके समर्पण को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। मंत्री श्री रावत ने क्षेत्रवासियों की समस्या को तत्काल प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित किया कि इस पर तुरंत कार्यवाही की जाए। यह भी इस बात का प्रमाण है कि श्री रावत जनसेवा के प्रति समर्पित नेता हैं, जो हमेशा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं।

मंत्री रावत के निर्देश पर रूपनगढ़ पीएचईडी की कनिष्ठ अभियंता ने भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र ओझा, डीसीवी किरण, रणजीत सामरिया, बिरदीचंद कुमावत, हनुमान सिंह जोधा के साथ मौके पर जाकर टंकी का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि टंकी की छत पर जाने के रास्ते को मधुमक्खियों ने छत्ता बनाकर ब्लॉक कर दिया है, जिससे छत पर जाने का रास्ता पूरी तरह से